खबर संक्षेप

### जल संसाधन विभाग के लिपिक रमाकांत सिंह ठाकुर सेवानिवृत्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जल संसाधन विभाग सिवनी में लिपिक पद पर पदस्थ श्री रमाकांत सिंह ठाकुर ने 32 वर्षों तक अपनी निष्ठा और ईमानदारी से सेवाएँ प्रदान कीं। 30 सितम्बर को अर्धवार्षिक सेवा आयु पूर्ण होने पर वे ससम्मान सेवानिवृत्त हुए। उनके सम्मान में विभागीय कार्यालय में आयोजित समारोह में अधिकारियों, सहकर्मियों, परिवारजनों एवं इष्टमित्रों की उपस्थिति रही। वक्ताओं ने कहा कि श्री ठाकुर ने सदैव विभागीय दायित्वों को प्राथमिकता दी और सरल व मिलनसार स्वभाव से सहकर्मियों के बीच विशेष स्थान बनाया। सहकर्मियों ने उन्हें कर्मनिष्ठ और अनुशासित कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनका कार्य व्यवहार युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने उनके योगदान को याद करते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ कीं।

### मठ मैदान मे दंगल का आयोजन 4 को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शेरे सिवनी की उपाधि का ऐतिहासिक दंगल में देश भर के नामी-गिरामी पहलवानों के दावँ-पेंच और कुश्ती का हुनर मठ मंदिर के मैदान में देखने को मिलेगा। बुधवारी बाजार स्थिति अतिप्राचीन श्री बजरंग अखाड़ा के तत्वाधान में बीते अनेक वर्षों से दंगल का आयोजन किया जा रहा है इस वर्ष भी यह इनामी दंगल मठ मंदिर के प्रांगण में शनिवार 04अक्टूबर को दोपहर 02 बजे से प्रारंभ किया जावेगा इस इनामी दंगल में स्थानीय पहलवानों सहित प्रदेश और देश मे नामी-गिरामी पहलवान जोर आजमाइश कर अपना दम-दिलेरी-दाँव दिखाएंगे, इस इनामी दंगल में 50 रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक की कुश्तीजोड़ होगी, जिसमे चतुर्थ पुरुस्कार 11 हजार रुपये, तृतीय पुरुस्कार 21 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार रुपये, तथा प्रथम पुरुस्कार 51 हजार रुपये का पारितोषक श्री बजरंग अखाड़ा समिति द्वारा नकद प्रदान किये जायेंगे साथ ही प्रथम आने वाले पहलवान को शेरे सिवनी की उपाधि से नवाजा जाएगा।

### विजयदशमी पर्व पर होगा शस्त्रपूजन कार्यक्रम, मुख्य अतिथि होंगे सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत विजयदशमी पर्व पर 2 अक्टूबर को शस्त्रपूजन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम अपरान्ह 2.30 बजे से जिला मुख्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर होंगे।

## गांधी जयंती पर हुआ अस्पृश्यता निवारण कार्यक्रम



मण्डला

किसी भी देश और समाज की तरक्की में अस्पृश्यता अभिशाप है ये कथन हैं भारत की आजादी के शुत्रधार महात्मा गांधी के, जिनकी 156 वीं जयंती के अवसर पर निवास मुख्यालय के पिपरिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय अस्पृश्यता निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडला सांसद और निवास विधायक चैनसिंह बरकड़े ने दीप प्रज्वलित कर कन्या पूजन कर सांसद ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हमारे अनुसूचित जाति ,जन जाति समाज को उच्च शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिये इसके लिये इन वर्ग के छात्रों के पालकों को भी विशेष पहल करने की आवश्यकता है, ताकि इस वर्ग के युवा भी बड़े अधिकारी जैसे आई ए एस या अन्य विभागों में सेवाएं देकर देश व समाज की तरक्की में अपना योगदान दें।

दलित और आदिवासियों पर हो रहे जातीय भेदभाव और ऐसा करने वालों के लिये कानून में कड़े प्रावधान हैं अतः ऐसे वर्ग के लोगों को चाहिये कि ऐसे कोई कृत्य न करें जिससे पीड़ति को कानून की शरण में जाना पड़े, वहीं आरक्षित समाज को भी चेताया कि आपके हित के लिये बने कानून का दुरुपयोग न करें।

हमारी सरकार आरक्षित वर्ग के लिये अनेकों योजनाओं के माध्यम से युवाओं को शसक्त बनाने और सामाजिक विकास की मुख्यधारा से जोड़ने सतत प्रयासरत है। आदिवासी समाज के लोग जय सेवा फिर जय केवा करते हैं।

सांसद ने मंच से आदिवासी समाज सुधार में लगे अपने ही समाज के कुछ लोगों पर व्यंग करते हुये कहा कि कुछ लोग समाज चलाने एवं संस्कृति सुधार के नाम पर पहले जय सेवा फिर केवा करना जैसे शब्दों से लानत दी, वैसे शिक्षा के महत्व को समझाते हुये एक तरह से आदिवासी समाज को आगाह किया कि धर्म संस्कृति सुधार की पहल जीवन भर चलता रहेगा,पहले शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है, और समाज के शिक्षित लोगों की जिम्मेदारी है कि वे इस क्षेत्र में अपना योगदान दें तो आदिवासी समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकता है।

निवास विधायक चैनसिंह बरकड़े ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिले में कई सैकड़ों स्कूल भवन जर्जर हो चुके हैं, और इसकी जानकारी मेरे द्वारा प्रदेश सरकार के समक्ष रखी जा चुकी है, लेकिन अभी तक इस विषय पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है, वहीं जिले के अधिकांश शाला परिसरों के खेल ग्राउंड पर नये स्कूल भवन बनाये जा रहे हैं ऐसे में छात्रों की खेल व अन्य गतिविधियों में परेशानी होगी, अच्छा होगा कि किसी भी भवन निर्माण के पहले स्थानीय प्रतिनिधियों से मशविरा लिया जाना चाहिए।

विधायक ने उपस्थित शिक्षक गणों से कहा कि आप छात्रों को अच्छी शिक्षा देकर देश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाएं क्योंकि हम आप सभी अच्छी शिक्षा के बल पर ही इस मुकाम तक पहुँचे हैं। उक्त कार्यक्रम में छात्रों द्वारा विभिन्न विषयों की प्रस्तुति पर अतिथियों द्वारा नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया गया। ज्ञात हो कि उक्त जिला स्तरीय कार्यक्रम के अनुरूप जनसंख्या नहीं रही, वहीं स्थानीय सरपंच व पंचायत के प्रतिनिधि के अलावा आम जनों की उपस्थिति नहीं रही,ऐसे में बड़ा सवाल यह कि सामाजिक समरसता के कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण समाज के मुखियाओं को क्यों नहीं आमंत्रित किया गया, जिनके माध्यम से सामाजिक समरसता व अस्पृश्यता मिटाने का संदेश विभिन्न गाँव पहुँचाने की ज्यादा जरूरत थी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के साथ जनपद अध्यक्ष मंजुलता कुलस्ते, उपाध्यक्ष घनश्याम सूर्यवंशी, नप. अध्यक्ष हेमलता परस्ते, भाजपा मंडल अध्यक्ष आकाश पांडे, जिला उपाध्यक्ष राजेश जैन, जिला महामंत्री संतोष रजक, भाजपा मंडल महामंत्री राकेश रजक, प्रशांत सोनी आदि अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दशहरे में रावण दहन को लेकर बवाल



निवास



इस वर्ष निवास नगरवासियों के लिये दशहरे पर्व की खुशियां में उस वक्त पानी फिर गया जब रावण दहन मैदान में नगर की सभी मूर्तियों के पहुँचने के पूर्व कुछ दुर्गा समितियों द्वारा रावण दहन कर दिया गया, और जैसे ही इस घटना की जानकारी अन्य समिति के युवाओं को लगी, तो ये सभी आक्रोशित होकर पहले ग्राउंड पहुँचे जहाँ स्थानीय प्रशासन भी मौजूद था नाराज समिति के जिम्मेदारों द्वारा प्रशासन से एक और रावण के पुतले की मांग की गई, लेकिन बात नहीं बनीं जिससे आक्रोशित भीड़ ने पुलिस थाना में हंगामा करते हुये नगर परिषद में भी भारी तोड़फोड़ की इस तोड़ फोड़ में शासकीय वाहन और एक अन्य निजी वाहन को उलट पलट कर दिया गया वहीं कथित तौर पर रिकॉर्ड रूम में आग भी लगा दी गई जिससे ऑफिस के कुछ कागजात व फर्नीचर जलकर नष्ट हो गये।

भीड़तंत्र से स्थिति इतनी बेकाबू हो गई कि कुछ समय के लिये स्थानीय आलाधिकारियों को शुरक्षित स्थान में रहना पड़ा और अप्रत्यासित स्थिति से निपटने जिले से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। लेकिन उक्त घटना के बाद कुछ समझदार लोगों के हस्तक्षेप से बाकी झांकी समारोह को विसर्जन स्थल की ओर बढ़ाया गया और अंततः देर रात्रि में सभी मूर्तियों का जलावतरण सम्पन्न हुआ।

उक्त घटना में स्पष्ट रूप से प्रशासनिक चूक देखने मिली प्रशासन चाहता तो पहले रावण दहन करने वालों को बाकी मूर्तियों का चल समारोह रावण दहन मैदान में पहुँचने तक रोक सकता था, और सभी आलाधिकारियों को तत्काल बाकी समितियों के लोगों को इस बात की जानकारी देकर उचित समयानुसार सहमति बनाई जा सकती थी, और यह अप्रत्यासित अप्रिय घटना होने से बच जाती।

फिलहाल उक्त घटना से परिषद के नाराज अधिकारी कर्मचारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम एक लिखित आवेदन निवास एसडी ओपी को दिया जाकर उचित जांच व शुरक्षा की मांग की है, उक्त मामले में प्रशासन कितनी निष्पक्षता से कार्रवाई करता है यह प्रतीक्षित है।

## थाना बिछिया पुलिस द्वारा पकडे गये मोटर सायकल चोर गिरोह से चोरी की अन्य मोटर सायकलें बरामद की गई



**भुआबिछिया।** थाना क्षेत्र में काफी समय से हो रही मोटर सायकल चोरी को रोकने एवं आरोपीगण को पकडने के लिये श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जिला मण्डला श्री रजत सकलेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री शिवकुमार वर्मा द्वारा एसडीओपी बिछिया श्री सौरभ तिवारी एवं थाना प्रभारी बिछिया भीष्म तिवारी को निर्देशित किया गया। जिस पर थाना प्रभारी बिछिया भीष्म तिवारी द्वारा थाने की टीम को एक्टिव किया जो टीम द्वारा मोटर सायकल चोरी के आरोपियो की पतारसी की गई जिसमें दिनांक 30.09.2025 को आरोपीगण रॉकी उर्फ योगेश गायकवाल, कल्लू उर्फ शिवचंद उईके, राहुल कसार एवं आनंद सारथी को पकडा था जिनसे टीम द्वारा 06 मोटर सायकले बरामद हो चुकी थी। आरोपीगण ने जिले के अन्य थाना क्षेत्र एवं दीगर जिले से भी मोटर सायकले चोरी करना बताया था जिस कारण आरोपीगण को 2 दिन की पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया था। पुलिस रिमाण्ड में आरोपीगण से बिछिया थाना क्षेत्र की 02, मण्डला थाना क्षेत्र की 02 एवं डिण्डौरी जिले की 01 मोटर सायकल एवं बिरसा सरकारी स्कूल में हुई बर्तनों एवं गैस सिलेण्डर की चोरी भी बरामद की है।

## विजया दशमी दशहरा पर्व हर्ष उल्लाह से मनाया गया

### एनीकट कुंड में क्रेन से हुई माता रानी की विदाई, देर रात्रि तक चलता रहा विसर्जन का दौरा,

**भुआबिछिया।** *नो दिन नो रात्रि दुर्गोत्सव की धूम रहने के पश्चात जहां नवमी को माता सिद्धिदात्री देवी की पूजा कन्या भोजन भंडारा किया गया वहीं गुरुवार दशहरा पर्व के दिन शासन की व्यस्था अनुसार स्थानीय एनीकट कुंड में चल समारोह के साथ माता की विदाई धूम धाम से की गई, विजया दशमी असत्य पर सत्य की जीत का पर्व नील कंठ के दर्शन कर स्वर्ण पत्ती, शमी पत्ती भगवान को अर्पित कर घरों पर लाई गई ओर दशहरा पर्व मनाया गय , वहीं नगर में दुर्गोत्सव के समापन की बेला में माता जी को भाव भीनी विदाई दी गई इस अवसर पर नगर के बंजारी माता मन्दिर में स्थापित माता की प्रतिमा से विसर्जन की शुरुआत हुईं, ओर बड़े चल समारोह के साथ नगर की चार प्रतिमाएं जो हृदय स्थल बस स्टेड सर्व व्यापारी संघ, रेस्ट हाउस रोड, सिंह वाहिनी दुर्गोत्सव मंच वार्ड नंबर 10 की दुर्गा प्रतिमाएं पूरे नगर में भ्रमण डीजे बैंडबाजे धमाल की धुन में थिरकते ओर माता के जय करो के साथ नगर भ्रमण कराया गया पश्चात राममंदिर के सामने एनीकेट कुंड में क्रेन मशीन से आरती पूजा के बाद जल*





*बिहार काराते हुए कुंड में माता की विदाई की गई, इस वर्ष अनुभागीय अधिकारी पुलिस प्रशासन नगर परिषद ने घाट पर सीढ़ी छोटी होने ओर कोई भी अनहोनी ना हो कि आशंका को देखते हुए परिषद को व्यस्थित व्यस्था करने निर्देशित किया था, परिषद द्वारा क्रेन के माध्यम से विसर्जन करने व्यवस्थित व्यवस्था बनाई गई और उसी से मूर्तियों को उठाकर नदी में प्रवाहित किया गया नगर का यह विसर्जन समारोह नगर के लिए कुतूहल रहा देर रात तक विसर्जन के साथ-साथ नगर के लोग देखने के लिए उत्साहित रहे और यह दौर देर रात तक चलता रहा,*

*माता जी की प्रतिमा के विसर्जन का दौर गुरुवार ,शुक्रवार शनिवार, तक चलता रहेगा नगर में लगभग 13 ,,14 स्थानो पर मां दुर्गा विराजमान थी जिसमें अधिकांश प्रतिमाओं की का विसर्जन एनीकेट कुंड में किया जाता है ,वहीं कुछ प्रतिमाओं का विसर्जन जलाशय बांध और तालाब में भी किया जाता है विसर्जन के दौरान नगर की प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त देखी गई थाना प्रभारी भीष्म तिवारी द्वारा नगर में सुरक्षा के अच्छे इंतजाम किए गए*

### डुण्डासिवनी पुलिस का गौ तस्करों पर बड़ा प्रहार

## गौवंश सहित एक कार जप्त, तीन नग गौवंश मुक्त कराये

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता गौ तस्करो एंव गौवंश में लिप्त व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही करने के संबंध में संवेदनशील है, जो एएसपी दीपक मिश्रा एंव नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन मे डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाती रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इसी क्रम डूण्डासिवनी थाना प्रभारी सतीश तिवारी व इनकी टीम द्वारा पूर्व मे भी गौवंश तस्करो पर सख्त कार्यवाही की गयी है



इसी क्रम में दिनांक 01/10/2025 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की एक कार में गौवंश भरकर नागपुर तरफ जाने वाला है जो थाना स्तर पर टीम गठित कर तकनीकी सहायता लेकर वाहन चैकिंग लगाई गयी।

उक्त कार की सूचना मिलने पर कार को रोकने का प्रयास किया गया जो कार चालक द्वारा अपनी कार को रफ्तार से भागाने का प्रयास किया जिसे टीम व्दारा घेराबंदी कर डूंडासिवनी क्षेत्रांतर्गत नागपुर सिवनी बायपास रोका गया जो पुलिस को देख कर तस्कर अंधेरा का फायदा उठा कर भाग गये। कार चेक करने पर तीन नग गौवंश पैरो मे रस्सी बांधकर क्रूरता पूर्वक भरे गये थे। जिन्हे मुक्त कराया गया। कार चालक के विरुद्ध थाना डुण्डासिवनी मे अपराध क्रमाक 467/2025 धारा 4,6.9 गौवंश प्रति. अधि.11 (घ) पशु क्रु. अधिनियम कायम कर विवेचना में लिया गया फरार आरोपियो की तलाश पताशजी जारी है।

जप्तीः- 01 मारुति सुजकी कार कीमती 3 लाख रुपये

विशेष भूमिकाः थाना प्रभारी सतीश तिवारी, उनि. मनोज जंघेला, सउनि संजय बघेल, देवेन्द्र जयसवाल, आर., कृष्कुमार भालेकर, नितेश राजपूत, विक्रम देशमुख, मिथलेश सूर्यवंशी, नगर रक्षा समिति सदस्य हिमांशु साहू।

## पुलिस अधीक्षक ने किया मूर्ति विसर्जन स्थल घाटो का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा सिवनी शहर के मूर्ति विसर्जन स्थल घाट दल सागर, लखनवाड़ा वैन गंगा नदी घाट, मठ तालाब घाट, परतापुर घाट का निरीक्षण किया गया। दुर्गा विसर्जन स्थल घाटों के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों को दिए गए दिशा-निर्देश। सुरक्षा व्यवस्थाः विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाये। मूर्ति विसर्जनःमूर्ति विसर्जन के लिए चिन्हित स्थानों पर ही विसर्जन किया जाएगा और सुरक्षा के दृष्टिगत गहरे पानी में जाने से बचने के लिए निर्देश दिए गए। प्रकाश व्यवस्था एवं घाट की साफ सफाईः विसर्जन स्थलों पर प्रकाश की उत्तम व्यवस्था की जाए, विसर्जन स्थल की साफ सफाई नियमित बनी रहे। **सीसीटीवी निगरानीः**विसर्जन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जाये, ताकि भीड़ की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा सके। असामाजिक तत्वों पर निगरानीःअसामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और अफवाहों का त्वरित खंडन किया जाए। पूजा समितियों के साथ समन्वयः पूजा समितियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखा जाए और सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ सार्थक संवाद कायम रखा जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा,नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती पूजा पांडे, डीएसपी अजाक श्रीमती श्रद्धा सोनकर, रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू,थाना प्रभारी कोतवाली किशोर बामनकर,थाना प्रभारी डूंडा सिवनी सतीश तिवारी, यातायात प्रभारी विजय बघेल, थाना प्रभारी लखनवाड़ा चंद्र किशोर सिरामे, डीएसबी प्रभारी नीरज दुबे उपस्थित रहे।

### प्रतिबंधित क्षेत्र में भारी वाहनों का आवागमन जारी, ट्रांसपोर्टर नहीं कर रहे पुलिस प्रशासन का सहयोग, रोज हो रही चलानी कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा निरंतर प्रतिबंधित क्षेत्र में आवामन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जा रही है।



यातायात पुलिस सिवनी द्वारा नवरात्रि पर्व के प्रारंभ होने से पूर्व ही समस्त ट्रांसपोर्टरों से अपील की गई थी कि पर्व के दौरान नगर में अत्यधिक भीड़भाड़ होती है अतः प्रतिबंधित क्षेत्र में भारी वाहनों का आवागमन ना करें यातायात पुलिस सिवनी द्वारा वाहन क्रमांक एमपी-39 एच-3895एवं एमएच-40बीएल-7309द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में आवागमन करने के कारण 5000-5000 रुपए का जुर्माना करते हुए कुल 10000 का समन शुल्क वसूल किया गया।

## हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कुंडीपुरा पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना का सक्षिप्त विवरण दिनांक-26.09.2025 को जरिये डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की ग्राम बोरिया एक महिला की घर पर गिरने से मृत्यु हो गई है, सूचना पर मौका ग्राम बोरिया जाकर मृतिका मुन्नीबाई पाटिल पति शंभू पाटिल उम्र 70 साल निवासी ग्राम बोरियाढाना की मृत्यु के संबंध में मौके पर मर्ग इटीमेशन दर्ज कर शव का पंचनामा किया गया एवं जिला अस्पातल छिंदवाड़ा से पी.एम. कराया जाकर पी.एम. रिपोर्ट प्राप्त की गई जो पी.एम. रिपोर्ट में डाक्टर द्वारा मृतिका की मौत गंभीर प्रकृति की चोट होने के कारण मृत्यु होना पाया गया जो प्रथम दृष्टया मृतिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा मारपीट कर हत्या करना पाये जाने से मर्ग जांच उपरान्त आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 652/2025 धारा 103(1) BNSS का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के मार्ग दर्शन में थाना स्तर पर टीम गठित कर संदेही / आरोपी संतोष पाटिल पिता शंभू पाटिल उम्र 31 साल निवासी ग्राम बोरिया थाना कुण्डीपुरा को अपराध दर्ज होने के 24 घण्टे के अंदर आरोपी की पतासाजी की जाकर हिरासत में लिया गया एवं आरोपी संतोष पाटिल से घटना के संबंध में पूछताछ की, जो आरोपी द्वारा बताया गया की वह अपनी मृतिका माँ को मोहल्ले के घर में जाकर बैठने मना करता था किन्तु उसकी माँ मोहल्ले में बैठने जाती थी जो घटना दिनांक 26.09.2025 को भी मोहल्ले में बैठने गई थी इसी बात पर बात विवाद होने पर आरोपी द्वारा लोहे की सब्बल से मारपीट करना बताया जो आरोपी से जाकर घटना में प्रयुक्त लोहे की सब्बल की जप्ती की गई।

### सिवनी कलेक्टर होंगी शीतला पटले



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रशासनिक फेरबदल की बड़ी लिस्ट जारी होते ही सिवनी जिले में हलचल तेज हो गई है। लंबे समय से सिवनी की कमान संभाल रहीं कलेक्टर श्रीमती संस्कृति जैन का तबादला कर दिया गया है। उनकी जगह अब श्रीमती शीतला पटले (आईएएस 2014 बैच) सिवनी की नई कलेक्टर होंगी। सूत्रों के अनुसार शीतला पटले का स्थानांतरण नरसिंहपुर से किया गया है और अब वे सिवनी जिले की जिम्मेदारी संभालेंगी। वहीं, पूर्व कलेक्टर संस्कृति जैन को आयुक्त, नगर पालिक निगम भोपाल तथा अपर प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (अतिरिक्त प्रभार) की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**नाम त्रुटिसुधार**

मैं KANAK ASHISH JAISWAL पिता ASHISH JAISWAL निवासी WARD NO. 10 Dr. AMBEDKAR WARD TEHSIL MANDLA DIST. MANDLA (M.P.) 481661 कथन करती हूँ कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक P1493900 में मेरा नाम KANAK JAISWAL पिता ASHISH JAISWAL माता KAVITA JAISWAL लिखा है। जबकि मेरे शैक्षणिक अभिलेखों आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य दस्तावेजों मेरा नाम KANAK ASHISH JAISWAL पिता ASHISH JAISWAL माता KAVITA JAISWAL लिखा है जो सही है अतः मुझे KANAK ASHISH JAISWAL पिता ASHISH JAISWAL नाम से जाना व लिखा जावे।

पुराना नाम - KANAK JAISWAL
पिता - ASHISH JAISWAL
परिवर्तित नाम - KANAK ASHISH JAISWAL
पिता - ASHISH JAISWAL

खबर संक्षेप

## नवागत कलेक्टर श्रीमती अंजु पवन भदौरिया ने विभागों का किया भ्रमण



डिंडौरी। जिले में नवनियुक्त कलेक्टर श्रीमती अंजु पवन भदौरिया ने पदभार ग्रहण करने के बाद शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय तथा विभिन्न विभागों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के विकास और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण प्राथमिकता से होना चाहिए। भ्रमण के दौरान श्रीमती भदौरिया ने राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत, महिला एवं बाल विकास सहित कई विभागों का जायजा लिया और अधिकारियों से विभागवार प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

### दूसरे दिन भी हुआ विसर्जन

डिंडौरी। दशहरे के दूसरे दिन यानी शुक्रवार को भी विसर्जन का सिलसिला जारी रहा, ग्राम पंचायत भवन मे नगर सेठानी गोरखपुर परिसर में विराजी मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया, जिसमे भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए,शोभायात्रा को विशेष बनाने के लिए अद्भुत झांकियां सजाई गई,भक्तो ने माता रानी को नमन आखों से विदा किया।

# तीसरी बार स्थगित हुई ग्राम सभा, आखिर क्यों जानकारी देने से बच रहे पंचायत के जिम्मेदार?

**जनपद के अधिकारी भी बैठे मौन**

**भ्रष्टाचार के आरोपों से उठे कई सवाल**




शहपुरा, शहपुरा। जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कछारी माल की ग्राम सभा एक बार फिर स्थगित कर दी गई। लगातार तीसरी बार ग्राम सभा न होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। 15 अगस्त 2025, 20 अगस्त 2025 और अब 03 अक्टूबर 2025 को होने वाली ग्राम सभाओं को टाल दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक जानबूझकर ग्राम सभा नहीं लगा रहे हैं ताकि लाखों रुपये के भ्रष्टाचार और गड़बड़ी पर पर्दा डाला जा सके ग्राम सभा के सदस्यों का आरोप है कि पंचायत के पुराने कामों का आय-व्यय विवरण लगातार मांगा जा रहा है, लेकिन पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी हर बार सवालों से बचते नज़र आ रहे हैं। पारदर्शिता और जवाबदेही से दूरी ने ग्रामीणों के शक को और गहरा कर दिया है इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जनपद पंचायत के अधिकारी आखिर क्यों चुप्पी साधे हुए हैं? ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत व्यवस्था की धज्जियां खुलेआम उड़ाई जा रही हैं, पंचायती राज अधिनियम 1973 की धारा 6 का खुला उल्लंघन हो रहा है, लेकिन फिर भी जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदकर बैठे हैं।

### ग्रामीणों का आक्रोश

ग्रामीणों ने साफ कहा है कि जब तक ग्राम सभा में आय-व्यय का ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया जाता और पारदर्शिता नहीं लाई जाती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### भ्रष्टाचार पर उठे सवाल

तीन-तीन बार ग्राम सभा स्थगित होना कहीं न कहीं गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। क्या वास्तव में पंचायत में भारी भरकम भ्रष्टाचार हुआ है? क्या अधिकारी और कर्मचारी मिलकर इस पर पर्दा डाल रहे हैं? आखिर क्यों जिम्मेदार जवाब देने से बच रहे हैं? ग्रामीण अब जवाब मांग रहे हैं और पंचायत व्यवस्था में व्याप्त इस उदासीनता ने शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# ग्राम करौंदी में मां दुर्गा प्रतिमाओं का भव्य विसर्जन चल समारोह संपन्न

**शहपुरा। जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम करौंदी में शारदीय नवरात्रि उत्सव के उपरांत परंपरानुसार एकादशी के दिन मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन चल समारोह अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाला गया।**



चल समारोह की शुरुआत सबसे पहले शिवशक्ति चौक चौगान की प्रतिमा से हुई। इसके बाद क्रमशः स्कूल मोहल्ला समिति, आदिवासी समिति संजयनगर, फुटबॉल ग्राउंड समिति एवं बूढ़ी माई संजयनगर समिति की प्रतिमाएं भक्तों की जयकारों, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजियों के बीच आगे बढ़ीं। सभी प्रतिमाएं अपने-अपने स्थानों से चलकर सीधे श्री रूद्रेश्वर हनुमान मंदिर बस स्टैंड पहुंचीं, जहां एकत्र होकर भव्य जुलूस दशहरा मैदान फुटबॉल ग्राउंड की ओर रवाना हुआ। दशहरा मैदान में राम-रावण युद्ध का मंचन किया गया। युद्ध का सजीव दृश्य देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। इसके उपरांत भगवान श्रीराम द्वारा रावण का वध और प्रतीकात्मक रावण दहन किया गया, जिसे देखने भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और मैदान में जय श्रीराम के गगनभेदी नारे गूंज उठे। इसके बाद मां दुर्गा की प्रतिमाओं का पूरे ग्राम में भव्य भ्रमण कराया गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती उतारी, पुष्प अर्पित किए और भक्ति गीतों व नृत्य के साथ विसर्जन यात्रा का स्वागत किया। पूरे ग्राम में धार्मिक उत्साह, भक्ति और उमंग का विशेष वातावरण बना रहा।श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर माता रानी से ग्राम की सुख-समृद्धि एवं सभी के मंगल की प्रार्थना की।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष, विजयादशमी पर्व पर हुआ भव्य पथ संचलन



शहपुरा। विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड शहपुरा द्वारा भव्य आयोजन किया गया। नगर के वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों स्वयंसेवक एकत्रित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता और शस्त्र पूजन से हुई। इसके पश्चात विभाग प्रचारक पंकज पांडे ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए, बताया कि संघ इस वर्ष अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर शताब्दी पर्व मना रहा है। उन्होंने कहा कि पूज्य डॉ. हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बन चुका है, जो हर परिस्थिति में देश सेवा के लिए तत्पर रहता है। संबोधन के बाद नगर के प्रमुख मार्गों से पथ संचलन निकाला गया। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। संपूर्ण नगर भ्रमण के पश्चात कार्यक्रम का समापन पुनः रानी दुर्गावती स्टेडियम में किया गया।

# शहपुरा क्षेत्र में बिजली कटौती ने किया ग्रामीणों का जीना दुश्वार

**ग्रामीणों में काफी गुस्सा,विद्युत विभाग का घिराव की दी चेतावनी**




शहपुरा - डिंडोरी जिले के शहपुरा क्षेत्र में पिछले दो महीनों से लगातार बिजली कटौती ने ग्रामीणों की जिंदगी अस्त-व्यस्त कर दी है। सरकार जहां मंचों से 24 घंटे बिजली–पानी उपलब्ध कराने का वादा करती है, वहीं जमीनी हकीकत बिलकुल अलग तस्वीर पेश कर रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी शहरों में एसी की ठंडी हवा खाते रहते हैं, जबकि गांव की जनता अंधेरे और गर्मी से जूझ रही है। नवरात्रि जैसे पावन पर्व के दौरान भी मानिकपुर और रयपुरा सेक्टर सहित अन्य स्थानों में कई घंटों तक बिजली गुल रहने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। दोपहर 2 बजे से काटी गई बिजली रात 10 बजे तक भी बहाल नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं है, बल्कि विभाग आए दिन "मेंटेनेंस" के नाम पर घंटों सप्लाई बंद कर देता है। लोगों का कहना है कि बिजली कटौती ने बच्चों की पढ़ाई, किसानों के कामकाज और घरों के सामान्य जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। विभाग की लापरवाही ने ग्रामीणों को सड़कों पर उतरने को मजबूर कर दिया है। शहपुरा क्षेत्र की जनता ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही बिजली आपूर्ति दुरुस्त नहीं हुई तो वे बिजली विभाग का घेराव कर सरकार और अधिकारियों के खिलाफ जोरदार आंदोलन करेंगे। सरकार के वादों और विभाग की हकीकत के बीच यह बड़ा विरोधाभास अब जनता के गले की फांस बन गया है। ग्रामीणों का सवाल साफ है— "जब सरकार 24 घंटे बिजली देने का वादा करती है, तो क्या गांव उस वादे से बाहर हैं?

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में विद्यार्थियों की सहभागिता



अमरपुर। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस एवं सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के माध्यम से जागरुकता का संदेश दिया गया। रासेयो स्वयं सेवक छात्र एवं छात्राओं के द्वारा महाविद्यालय में देश और परिवार की विकास में नारी महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। डॉ. सीमा डावर ने भी कहा कि वर्तमान समय में नारी की स्थान उच्च स्तर पर हैं। जिसमें स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवारों में गृहस्थ जीवन के साथ सामाजिक, राजनैतिक और अनुसंधान क्षेत्र में कदम से कदम मिला कर देश की विकास करने अपनी महती भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ डॉ. सुनील काकोड़िया, स्वर्णिम पटेल, डॉ. निगहत खान, समीर धुर्वे, ओमकार वाटिया, कमलेश वास्पे, स्वयं सेवक छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विजयदशमी पर्व पर पारंपरिक रूप से किया गया शस्त्र पूजन



शहपुरा – विजयदशमी पर्व के अवसर पर थाना शहपुरा में पारंपरिक रूप से शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। थाना परिसर में पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुलिस अधिकारियों और जवानों ने शस्त्रों की पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान एसडीओपी अजय तिवारी, थाना प्रभारी अनुराग जामदार सहित पूरे थाना स्टाफ और उनके परिवारजन मौजूद रहे। पुलिसकर्मियों ने इस अवसर पर माता दुर्गा की आराधना करते हुए देश और समाज की सुरक्षा, शांति एवं समृद्धि की कामना की। थाने में मौजूद आधुनिक हथियार – जैसे राइफलें और कार्बाइन पर पुष्पमालाएं चढ़ाकर राष्ट्र सेवा और मातृभूमि की रक्षा का संकल्प दोहराया। हर वर्ष विजयादशमी पर पुलिस विभाग में शस्त्र पूजन की यह परंपरा निभाई जाती है। यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि वीरता, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का भी प्रतीक माना जाता है।

# शहपुरा नगर का रानी दुर्गावती स्टेडियम बना दशहरा पर्व का केंद्र, रावण दहन देखने उमड़ा जन सैलाब



**शहपुरा। विजयदशमी पर्व पर शहपुरा नगर का रानी दुर्गावती खेल मैदान रविवार को आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम बना। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक रावण दहन देखने के लिए नगर ही नहीं बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी।**

सुबह से ही नगर के प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा का उत्साह देखने को मिला। मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को भक्तों ने बाजे-गाजे और जयकारों के साथ नगर भ्रमण कराया। जय-जयकार और ढोल-नगाड़ों की थाप ने पूरे माहौल को भक्ति और उल्लास से सराबोर कर दिया। राम-रावण युद्ध की झांकियों ने बांधा समां,शाम होते ही रानी दुर्गावती स्टेडियम में राम-रावण युद्ध की ऐतिहासिक झांकियां प्रस्तुत की गईं। भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमान के पात्रों को जीवंत रूप में देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। झांकियों के दौरान जैसे ही राम-रावण का संग्राम हुआ, पूरा स्टेडियम 'जय श्रीराम' के नारों से गूंज उठा।

### आतिशबाजी से गूंजा आसमान

युद्ध के उपरांत भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध का मंचन किया गया और इसके तुरंत बाद रावण का विशाल पुतला दहन किया गया। पुतले में लगाई गई आतिशबाजी ने आसमान को रोशन कर दिया। आसमान में छिटकती रंग-बिरंगी रोशनी और गूंजती जयकारों के बीच विजयदशमी का यह पर्व यादगार बन गया।

### चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

दशहरा महोत्सव के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन ने पूरी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी थी। मैदान में पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग और पार्किंग व्यवस्था के कारण कार्यक्रम शांति और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ।

### ग्रामीण अंचलों से भी पहुंचे लोग

इस भव्य आयोजन को देखने के लिए शहपुरा नगर के साथ ही आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। परिवारों और बच्चों ने आतिशबाजी, झांकियों और रावण दहन का भरपूर आनंद उठाया।

# ग्राम पंचायत बोधघुण्डी में लापरवाही के कारण नहीं हो सकी ग्रामसभा




अमरपुर। शासन के निर्देशन में गांधी जयंती से ग्राम पंचायत के प्रत्येक ग्राम में ग्रामसभा का आयोजन किया जाना तय किया गया है। परंतु जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत बोधघुण्डी में कर्मचारियों के लापरवाही से ग्रामसभा का आयोजन नहीं हो सका। ग्रामीणजन पंचायत भवन में पहुंचे परंतु कोई भी जवाबदार कर्मचारी ना होने के कारण मजबूरन लौटना पड़ा। प्राप्त जानकारी अनुसार अरविंद बघेल प्रभारी सचिव हैं। जोकि 2 अक्टूबर को मूलग्राम पंचायत घेवरी में उपस्थित हैं। मजे की बात तो यह है कि बोधघुण्डी का ग्राम रोजगार सहायक सम्मे सिंह परस्ते जिसे ग्राम पंचायत चारपानी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जोकि 2 अक्टूबर को दोनों ही ग्राम पंचायत से नदारद रहे। ग्रामीणों के अनुसार विगत दो, तीन दिनों से शराब के नशे में धुत्त हैं। इस प्रकार शासकीय कर्मचारी शासन की योजनाओं को पलीता लगा रहे हैं। ऐसी स्थिति में क्षेत्र का विकास होना असंभव दिखाई दे रहा हैं। उपस्थित ग्रामीणों में नाराजगी स्पष्ट झलक रही थी।

**इनका कहना हैं कि:-**

उस ग्राम पंचायत में प्रभारी सचिव हैं और जी आर एस के पास भी चारपानी का अतिरिक्त प्रभार हैं मैं दिखाता हूं।

**लोकेश नारनौरे**
सीईओ अमरपुर

कर्मचारियों की लापरवाही के कारण ग्राम सभा नहीं हो पा रहा हैं। रोजगार सहायक को कार्यालय में बैठना था।

**सुखदेव सिंह कुशराम**
पूर्व सरपंच

# कलेक्टर श्रीमती अंजु पवन भदौरिया ने संभाला कार्यभार



डिंडौरी। नवागत कलेक्टर श्रीमती अंजु पवन भदौरिया ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में सभी विभागीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए विकास कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास जन -मन, धरती आबा, मां की बगिया, सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी ली। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे पात्र हितग्राही तक पहुँचना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से डिंडौरी जिले को एक उदाहरण के रूप में पूरे प्रदेश में प्रस्तुत किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित कई विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है और कहीं-कहीं एक ही शिक्षक के भरोसे स्कूल चल रहा है। ऐसी स्थिति में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों के साथ मिलकर ठोस पहल की जाएगी। जिले में अधिकारियों की संख्या सीमित है, लेकिन सभी मिलकर पारदर्शी एवं संवेदनशील प्रशासन के माध्यम से डिंडौरी को विकास की दिशा में अग्रसर करेंगे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकताओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुँचे। उन्होंने विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि समयबद्धता के साथ कार्य करना प्रत्येक विभाग की जिम्मेदारी है। बैठक में अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर अक्षय डिगरसे, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव सहित जिले के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गांधी जयंती पर सत्य एवं अहिंसा की शपथ के साथ सेवा पखवाड़ा अभियान का समापन

अमरपुर। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस एवं सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत गांधी जयंती पर सत्य एवं अहिंसा की शपथ के साथ सेवा पखवाड़ा अभियान का समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती पर उनके आदर्शों सत्य और अहिंसा की मार्ग पर चलने की उद्देश्यों को पूर्णतः निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके पश्चात डॉ. सीमा डावर ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने राजनीतिक, सामाजिक, और बुनियादी आवश्यकताओं को जीवन में पूर्णतः प्राप्त करने के लिए हमेशा सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चल कर ही प्राप्त किया जा सकता हैं। इसके साथ ही महाविद्यालय की स्टॉफ ने भी भी महात्मा गांधी के आदर्शों एवं विचारों को सत्य और अहिंसा के साथ आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। 17 अक्टूबर से 2 अक्टूबर तक की 15 दिवसीय सेवा पखवाड़ा अभियान की थीम "आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत" आयोजित कार्यक्रम का विधिवत रूप से समापन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं का बड़े ही उत्साह के साथ सभी कार्यक्रमों में सहभागिता रही हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ डॉ. सुनील काकोड़िया, स्वर्णिम पटेल, डॉ. निगहत खान, सहज सिंह मरावी, समीर धुर्वे, ओमकार वाटिया, कमलेश वास्पे एवं स्वयं सेवक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

प्ररूप छ - 8
(मध्य प्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम 49 - ङ. (3) के अंतर्गत)
कार्यालय- रिटर्निंग अधिकारी, प्राथ. वनोपज सहकारी सोसाइटी मर्या. रयपुरा
क्रमांक/निर्वा.अधि. जिला डिण्डौरी पंजी. क्रं 468 दिनांक - 29/09/2025
निर्वाचन कार्यक्रम
मध्य प्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश क्रमांक 4285 दिनांक 12/09/25 के द्वारा मुझे प्रा. वनोपज सहकारी सोसायटी मार्यादित रयपुरा निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निम्नलिखित निर्वाचन कार्यक्रम निश्चित किया गया है जो कि है। संचालक मण्डल सोसाइटी के समस्त सदस्यों के सूचनार्थ प्रकाशित करता हूं।

| | |
|---|---|
| 1. सोसाइटी की पंजीकृत उपविधि क्रमांक 15 के अनुसार संचालक मण्डल के लिए निर्वाचित किये जानें वालेसदस्यों की कुल संख्या 11 | ............................................ विवरण निम्नांकित है |
| (अ) सामान्य वर्ग (अनारक्षित) से 10<br>(ब) अनुसूचित जाति वर्ग से 00<br>(स) अनुसूचित जनजाति वर्ग से. 01<br>योग 11<br>टीप - जिस वर्ग में महिला आरक्षण नहीं किया गया है उसे निरंक दर्शाया जावे) - | (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 04<br>(इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 00<br>(इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 00<br>योग-- 04 |
| 2. नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का दिनांक, स्थान, समय | दिनांक 05/10/25 से ... तक समय 11:00 बजे से 2:00 बजे तक, स्थान- सोसाइटी कार्यालय रयपुरा |
| 3.नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन | दिनांक 06/10/25 को समय 11:00 से जांच पूर्ण होने तक । स्थान- सोसाइटी कार्यालय रयपुरा |
| 4. नामांकन पत्रों की वापसी का दिनांक तथा चुनाव लडने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चिन्हों का आवंटन | दिनांक 08/10/25 समय 11:00 बजे से 02:00 बजे तक स्थान स्थान - सोसाइटी कार्यालय रयपुरा |
| 5. विशेष साधारण सम्मिलन में चुनाव (मतदान) दिनांक एवं मतगणना | दिनांक 13/10/25 समय 10:30 बजे से 01:30 बजे तक स्थान स्थान - सोसाइटी कार्यालय रयपुरा (चुनाव समाप्त होने के पश्चात एक घंटे बाद मतगणना प्रारंभ की जावेगी ।) |
| 6. रिक्त स्थानों हेतु सहयोजन | दिनांक 14/10/25 समय 11:00 बजे से 02:30 बजे तक स्थान स्थान - सोसाइटी कार्यालय रयपुरा |
| 7. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटीओं" को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना जारी करना | दिनांक 16/10/2025 |
| 8. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटीओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन दिनांक, समय एवं स्थान | दिनांक 23/10/2025 समय 11:00 बजे से पूर्ण होने तक स्थान - सोसाइटी कार्यालय रयपुरा |

रिटनिंग अधिकारी
प्राथ.वनोपज सहकारी सोसायटी
रयपुरा

प्ररूप छ - 8
(मध्य प्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम 49 - ङ. (3) के अंतर्गत)
कार्यालय- रिटर्निंग अधिकारी, प्राथ. वनोपज सहकारी सोसाइटी मर्या. बड़झर
क्रमांक / जिला डिण्डौरी पंजी. क्रं 467 दिनांक - 29/09/2025
निर्वाचन कार्यक्रम
मध्य प्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश क्रमांक 4285 दिनांक 12/09/25 के द्वारा मुझे प्रा. वनोपज सहकारी सोसायटी मार्यादित बड़झर निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निम्नलिखित निर्वाचन कार्यक्रम निश्चित किया गया है जो कि है। संचालक मण्डल सोसाइटी के समस्त सदस्यों के सूचनार्थ प्रकाशित करता हूं।

| | |
|---|---|
| 1. सोसाइटी की पंजीकृत उपविधि क्रमांक 15 के अनुसार संचालक मंण्डल के लिए निर्वाचित किये जानें वालेसदस्यों की कुल संख्या 11 | ............................................ विवरण निम्नांकित है |
| (अ) सामान्य वर्ग (अनारक्षित) से 10<br>(ब) अनुसूचित जाति वर्ग से 00<br>(स) अनुसूचित जनजाति वर्ग से. 01<br>योग 11<br>टीप - जिस वर्ग में महिला आरक्षण नहीं किया गया है उसे निरंक दर्शाया जावे) - | (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 03<br>(इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित -<br>(इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 01<br>योग-- 04 |
| 2. नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का दिनांक, स्थान, समय | दिनांक 05/10/25 से ... तक समय 11:00 बजे से 1:30 बजे तक, स्थान- सोसाइटी कार्यालय बड़झर |
| 3.नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन | दिनांक 06/10/25 को समय 11:00 से जांच पूर्ण होने तक । स्थान- सोसाइटी कार्यालय बड़झर |
| 4. नामांकन पत्रों की वापसी का दिनांक तथा चुनाव लडने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चिन्हों का आवंटन | दिनांक 08/10/25 समय 11:00 बजे से 01:30 बजे तक स्थान स्थान - सोसाइटी कार्यालय बड़झर |
| 5. विशेष साधारण. सम्मिलन में चुनाव (मतदान) दिनांक एवं मतगणना | दिनांक 13/10/25 समय 10:30 बजे से 01:30 बजे तक स्थान स्थान - सोसाइटी कार्यालय बड़झर (चुनाव समाप्त होने के पश्चात एक घंटे बाद मतगणना प्रारंभ की जावेगी ।) |
| 6. रिक्त स्थानों हेतु सहयोजन | दिनांक 14/10/25 समय 11:00 बजे से 01:30 बजे तक स्थान स्थान - सोसाइटी कार्यालय बड़झर |
| 7. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटीओं" को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना जारी करना | दिनांक 16/10/2025 |
| 8. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटीओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन दिनांक, समय एवं स्थान | दिनांक 23/10/2025 समय 11:00 बजे से पूर्ण होने तक स्थान - सोसाइटी कार्यालय बड़झर |

रिटनिंग अधिकारी
प्राथ.वनोपज सहकारी सोसायटी
बड़झर

# शस्त्र पूजन से हमें मिलता है बल: मंत्री श्री राव

## मंत्री श्री सिंह ने विजयादशमी पर किया शस्त्र पूजन





**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि विजयादशमी का पर्व अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। विजयादशमी का पर्व हमारी पुरातन संस्कृति का अहम हिस्सा है, इस पर्व पर हम शस्त्र पूजन करते हैं। मंत्री श्री सिंह गुरुवार को पुलिस लाइन नरसिंहपुर में विजयादशमी पर्व के अवसर पर आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना, रामसनेही पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया सहित पुलिस बल मौजूद था। आयोजित कार्यक्रम में शस्त्र पूजन कर महाआरती की गई। मंत्री श्री सिंह ने आयोजित कार्यक्रम में जिलेवासियों को विजयादशमी पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।**

### देश की सुरक्षा के लिए शस्त्र जरूरी

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि विजयादशमी पर्व पर शस्त्र पूजन करने से हमें बल मिलता है, जिससे मन को संतुष्टि प्राप्त होती है। देश की सुरक्षा और शांति के लिए शस्त्र का होना जरूरी है, लेकिन यह प्रयास होना चाहिए कि जहां तक हो सके शस्त्र का इस्तेमाल न हो और शांति बनी रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि देश का हर नागरिक विकास और उन्नति करे। इसके लिए हर व्यक्ति को साथ मिलकर विकास में भागीदार बनना होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी रोजाना अठारह-अठारह घंटे काम करते हैं। जब हमारा मुखिया इस तरह से परिश्रम करता है, तो हमारी भी जिम्मेदारी होती है कि हम भी परिश्रम कर विकास व उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्पों को पूरा करे, जिससे वर्ष 2047 तक भारत विश्व का नेतृत्व कर सके।

### पुलिस का करें सहयोग

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि नरसिंहपुर जिला सुंदर व शांति प्रिय जिला है। जिले के विकास में किसान, महिला, युवा, नागरिक, व्यापारी और शासकीय सेवक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। जिले की मिट्टी, जल-वायु और भौगोलिक स्थिति अत्यधिक उपयोगी है। जिले में रोजगार के अत्याधिक अवसर है, जिससे हमारा जिला सम्पन्न जिला है। उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा समाज से बुराईयों को समाप्त करने का काम करती है, जिससे स्वच्छ व शांति प्रिय समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि समाज में बुराईयों को समाप्त करने के लिए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि पुलिस के लिए सहयोगी के रूप में काम करे। अपने आसपास व स्वयं की बुराईयों को समाप्त करें, जिससे साफ-स्वच्छ व शांति प्रिय समाज का निर्माण हो सके। आयोजित कार्यक्रम को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना ने भी संबोधित किया।



### माता रानी की प्रतिमा विसर्जन व चल समारोह जारी

जिले भर में विराजमान की गई 1286 माता रानी की प्रतिमाओं को विसर्जन किया जा रहा है प्रशासन द्वारा विसर्जन कुड़ों पर पुलिस व्यवस्था लगाई गई है वही आयोजन समीतियों द्वारा मातारानी की भव्य झांकी के साथ चल समारोह का आयोजन किया जा रहा है। भक्त डी जे की धुन पर नाचते गाते मातारानी को विदा करते हुये नजर आये। विसर्जन का क्रम शनिवार शाम से जारी है नर्मदा के घाटो पर कुड़ बनाकर विसर्जन कराया जा रहा है। वही प्रशासन द्वारा अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। विसर्जन के दौरान पूरी सावधानी बरती जा रही है।



## खबर संक्षेप

### पारंपरिक रास गरबा का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस श्री बालाजी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा पारंपरिक गरबा, डांडिया और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रस्तुतियों का एक अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने सभी का मन मोह लिया। नवरात्रि के शुभ अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत माता रानी की भव्य आरती के साथ हुई, जिसे स्थानीय बालिकाओं ने पूरी श्रद्धा के साथ संपन्न किया। इसके बाद जैसे ही पारंपरिक गरबा संगीत की धुनें गूंजीं, रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे लोग मां अंबा की भक्ति में झूम उठे। पूरा माहौल उत्साह उमंग और भक्ति से सराबोर था। आयोजन में श्री बालाजी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा आर्टिस्ट ग्रुप को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया संजू बाबा, अजय मेहरा.दुर्गेश) वैष्णवी रानी वर्षा तनु संजना, रश्मि, चिया श्रेया सौरभ पहलवान देव. देवा .करन.हर्ष.विवेक राकेश पेंटर और समेत पूरे आर्टिस्ट ग्रुप ने इस कार्यक्रम को यादगार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मारपीट के मामले मे तीन आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र करेली की आमगांव चौकी क्षेत्र के ग्राम पिपरिया बरौदिया में मारपीट के मामले मे तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। ज्ञात हो कि विगत दिवस सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो तेजी से वायरल हुआ। वीडियो के वायरल होने के बाद ने कार्रवाई प्रारंभ की गई। जिसमें आरोपियो के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर 24 घंटे के भीतर आरोपियों को हिरासत मे लिया गया। पुलिस ने आरोपी रामनरेश कौरव, राजेश कौरव दो निवासी पिपरिया बरौदिया थाना करेली, संत कुमार गौड़ निवासी धनौरा, जिला छिन्दवाडा पर अपराध क्रमांक 830/25 धारा 296, 115(2), 351(2), 119, 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। तीनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय जेल भेजा गया है।

### श्रमदान कर किया वृक्षारोपण



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** विगत दिवस जिला चिकित्सालय में महात्मा गांधी जी की 156 वीं जयंती के उपलक्ष में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर परिसर में स्वैच्छिक श्रमदान करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा साफ सफाई की गई, डॉक्टर मनीष कुमार मिश्रा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं प्रभारी सिविल सर्जन डॉक्टर जी. सी. चैरसिया द्वारा वृक्षारोपण किया गया। जिला चिकित्सालय में कार्यरत सफाई कर्मियों को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए इस अवसर पर डॉक्टर मनीष कुमार मिश्रा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ जी .पी. भनारिया जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डा .जी. सी. चैरसिया प्रभारी सिविल सर्जन, डॉ राहुल नेमा आर एम ओ, डॉ देवेंद्र रिपुदमन सिंह, डॉ विन्सी मडराह, डॉ संजय चैधरी, राजकुमार डेहरिया प्रबंधक, अजीत तिवारी प्रबंधक, रंजीत कुमार चैधरी मीडिया प्रभारी, शरद ठाकुर एवं जिला चिकित्सालय से बढ़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एनसीसी कैडेट्स ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित किए गए व माल्यार्पण किया गया। उसके पश्चात विद्यालय प्राचार्य जी एस पटेल और एनसीसी अधिकारी ए आर राव द्वारा गांधीजी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला गया और उनके जीवन के सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाने की सलाह दी गई। आत्म अनुशासन व दृढ़ इक्षा शक्ति के बल पर सफलताओं को पाया जा सकता है, बच्चों के द्वारा भी गाँधी जी के आदर्श पर विचार केंद्रित रखे। उसके पश्चात कैडेट्स के द्वारा रैली निकालकर नारों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता को अपनाने और भारत को नशा मुक्त करने का आग्रह किया गया। गांधी चैराहा पहुंचकर गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये।

### सच्चिदानंद आश्रम में मनाया गया गांधी जयंती व दशहरा पर्व



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस गांधी जयंती एवं विजयदशमी पर्व के पावन अवसर पर सच्चिदानंद आश्रम में समन्वय परिवार द्वारा आयोजन किया गया। चर्चा का विषय था विश्व शांति के लिए महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा की प्रासंगिकता। फादर डॉक्टर डेविस जॉर्ज और विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्ति बिशप जेराल्ड थे। फादर एंटो ने कहा महात्मा गांधी के लिए धर्म सत्य एवं अहिंसा था। गांधीजी सत्य एवं अहिंसा में विश्वास करके भारत देश को स्वतंत्र किया। कार्यक्रम के बीच में आश्रम परिसर में बनाए गए सुंदर आरोग्य उद्यान का भी उद्घाटन किया गया। आश्रम प्रमुख ने कहा कि यह आरोग्य उद्यान आश्रम में आने वाले लोगों के लिए व्यायाम, प्राणायाम , सत्संग एवं जागरूकता के साथ चलने के लिए है। कार्यक्रम में बिशप जेराल्ड, इंजी रुद्रेश तिवारी, श्रीमती ज्योति चौहान ,प्राचार्य फादर वर्गीस, हबीब खान, डॉक्टर सुधीर सिंघई एवं अजय तुलसी ने अपने सार गर्भित विचारों से सबको प्रेरित किया। अनीश पी.एन. सुधीर दुबे, प्रदीप पुरोहित, श्रीमति कामिनी दुबे ने मनमोहक भजन प्रस्तुत किया। कुमारी देव प्रिया ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया।

## प्रेस फोटोग्राफर संजय राय हुए सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस नगर के प्रेस फोटोग्राफर संजय राय को स्व. श्री किशनलाल नामदेव जी की स्मृति में जय भारत काली मंडल द्वारा सम्मानित किया गया। स्मरण रहे कि प्रेसफोग्राफर संजय राय ने अपनी फोटोग्राफी से नगर में एक अलग की छवि बनाई है। वह फोटोग्राफी को लेकर काफी सजग और सक्रिय रहते हैं। इतना ही नही उनकी फोटोग्राफी को लेकर अनेक संगठनों से भी सम्मान मिल चुका है। श्री राय मिलन समिति संस्था के माध्यम से भी अनेक सामाजिक रचनात्मक कार्य करते रहते हैं। श्री राय की इसी सरल सहज और मिलनसार स्वभाव के चलते वह हमेशा किसी न किसी संगठनों के माध्यम से सम्मानित होते रहते हैं। आज उन्हे इस सम्मान को लेकर उनके इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाईयां दी हैं।



## मां सिद्धिदात्री नवमी पर परमहंसी गंगा आश्रम में हुआ भव्य सुहासिनी पूजन



### 108 सुहासिनी जोड़ों ने मां त्रिपुर सुंदरी के चरणों में अर्पित की श्रद्धा

**गोटेगांव।** नवरात्रि के पावन पर्व पर ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की तपोभूमि परमहंसी गंगा आश्रम में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।मां राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी माता मंदिर में मां सिद्धिदात्री नवमी के शुभ अवसर पर सुहासिनी पूजन का आयोजन किया गया।इस पूजन में 108 सुहासिनी जोड़े भक्ति भाव से बैठे। वेद मंत्रों और जयकारों के बीच भक्तों ने मां भगवती की आराधना की। पूरा आश्रम देवी भक्ति से गूंज उठा। श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति और आस्था का अद्वितीय प्रकाश झलक रहा था।

## पुलिस ने एक किलो 82 ग्राम गांजा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



विगत दिवस ठेमी पुलिस ने 1 किलो 82 ग्राम गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया, ज्ञात होवे कि नरसिंहपुर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ.ऋ षिकेश मीना के निर्देशन में अवैधमादक पदार्थों के विरुद्ध **OPERATION EAGLE CLAW** किया जा रहा है, इसी क्रम में एक विश्वस्त मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुयीकि एक व्यक्ति थाना ठेमी अंतर्गत अवैध मादक पदार्थ लेकर आ रहा है, सूचना पर त्वरित कार्यवाहीकर पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन एवं अनु. अधिकारी पुलिस मनीष त्रिपाठी गोटेगांव के नेतृत्व थाना ठेमी की विशेष टीम का गठन कर प्रभावी नाकेबंदी कर आरोपी को गिरफ्त में लेने हेतु निर्देश दिए गए, गठित टीम द्वारा क्षेत्र में प्रभावी घेराबंदी कर सूचना के अनुसार बताए गए संदिग्ध स्थान पर निगरानी बढ़ा दी गई, ताकि आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार किया जा सके, परिणाम स्वरूप सांकल नहर के पास आरोपी को अवैध मादक पदार्थ (गांजे) के साथ गिरफ्तार कर प्यारेलाल चौधरी निवासी ग्राम सांकल थाना ठेमी से लगभग 1 किलो 82 ग्राम गांजा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 20 हजार अनुमानित रुपये का जप्तकर आरोपी के खिलाफ धारा 8,21 (बी) एनडीपी एस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया, उक्त कार्यवाही में थाना ठेमी निरीक्षक प्रीतिमिश्रा सउनि देवसिंहपाल प्रधानआरक्षक कृष्णकुमार सेन कुलदीपसिंह आरक्षक रंजीत राजपूत दीपकराय विजय वासुकी की मुख्य भूमिका सराहनीय रही है, नरसिंहपुर पुलिस आमजन से भी अपील करती हैकि यदि किसी को अवैध मादक पदार्थों से संबंधित कोई सूचना प्राप्त होती है, तो वह तत्काल अपने नजदीकी थाना या कंट्रोल रूम को सूचित करें, सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## क्षत्रिय राजपूत सभा गोटेगाँव की युवा इकाई को मिलेगा अध्यक्ष, चयन हेतु बैठक 5 नवम्बर को माँ गार्डन में

**नरसिंहपुर/गोटेगांव।** विगत 2 नवम्बर को आयोजित दशहरा कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरांत क्षत्रिय राजपूत सभा के संरक्षक ठा.इंद्रभूषण सिंह, एवं ठा.सरदार सिंह द्वारा उपस्थित क्षत्रिय बंधुओ से चर्चा की और युवा संगठन के अध्यक्ष के चयन के विषय में विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया, कि युवा संगठन के अध्यक्ष का चयन कर दिया जाए, इसी सन्दर्भ में आगामी 5 नवम्बर दिन रविवार को सायं 4 बजे स्थानीय माँ गार्डन में एक अतिआवश्यक बैठक आयोजित कि गई है।बैठक में युवाओ को कुछ विशेष जिम्मेदारियां भी सौंपी जाएंगी, अतः इस बैठक में युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में मौजूद रहने कि अपील की जाती है।ज्ञातव्य हो कि क्षत्रिय राजपूत सभा गोटेगाँव कि युवा इकाई का पिछले कुछ समय से चयन रुका हुआ था, जिससे ‘युवा’ संगठन में अपनी भूमिका तलाश रहे थे, अब चुंकि युवा इकाई का गठन होने जा रहा है युवाओं में उत्साह देखने को मिल रहा है, जाहिर है कई युवा संगठन में अपना नेतृत्व चाहते हैं, ऐसे में दिलचस्प होगा की क्षत्रिय राजपूत सभा का ताज किसके सिर सजता है।क्षत्रिय राजपूत सभा के बरिष्ठ संरक्षक ठा.इंद्रभूषण सिंह, एवं ठा.सरदार सिंह का मत है कि युवा अध्यक्ष ऐसा हो जो संगठन को मजबूत करने में सक्षम हो मिलनसार हो और अधिक से अधिक समय संगठन को दे सके। क्षत्रिय राजपूत सभा के संरक्षक ठा.इंद्रभूषण सिंह, एवं ठा.सरदार सिंह ने क्षत्रिय सभा गोटेगाँव की कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने के लिए निवेदन किया है, जो भी सदस्य युवा इकाई के गठन में रूचि रखते हों बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें। इस सुचना के माध्यम से सभी युवाओं को सूचित किया जाता है कि युवा इस बैठक में अवश्य शामिल हों, जो युवा साथी इस बैठक में नहीं पहुंच पाते हैं उन्हें बैठक में लिए गए निर्णय स्वीकार करने होंगे।इस सम्बन्ध में सभी स्वजातीय बंधु अपने सुझाव संरक्षक मण्डल से साँझा कर सकते है।

## वन रोपणी में किया वृक्षारोपण



**तेंदूखेड़ा।** विगत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े के रुप में मनाने का निर्णय लिया गया था जिसके चलते तेंदूखेड़ा वन विभाग द्वारा वन रोपणी में वृक्षारोपण किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## ज्यादा बारिस खरीफ मौसम की फसलों के लिये हो गई नुकसानदायक साबित

### रोगों से ग्रसित हैं फसलें



**तेंदूखेड़ा।** इस बार खरीफ मौसम की फसलों पर अधिक वारिस नुकसान दायक साबित हो गई है। अधिक वारिस से जहां सोयाबीन अरहर की फसले गलने के उपरांत मक्का और धान की फसलें प्रभावित हो गई है। हमारे प्रतिनिधि को कृषकों ने बताया कि सोयाबीन और अरहर की फसले पहले से ही गलने के साथ पीली पड़ गई थी। उन्हें जब वारिस खुलने का और सूरज की किरणों की जरूरत थी तब अनुकूल स्थिति नहीं बनीं। सोयाबीन में स्टेम प्लाई सेमीलूपर सफेद मक्खी का अटैक बना हुआ है।साथ ही साथ अरहर फसल में पत्ती लपेट रोग लगा हुआ है। मक्का फसल भी पूरी तरह से ग्रोथ नहीं कर पाई है।भुट्टा हल्का होने के कारण उपज अधिक उपार्जन नहीं दे पा रही है। धान में भी भूरा मच्छर लगा हुआ है। विभिन्न प्रकार की दवाईयों के छिड़काव से काबू पाने की कोशिश की जा रही है।

### सब्जियों के भी बुरे हाल

इस वारिस से हरी सब्जियां भी प्रभावित हुई हैं। पैदावार ना होने के कारण भाव सातवें आसमान पर पहुंच गए हैं।अधिकांश फसलें बरसात में ही पैदा हुआ करती है उनका रोपण भी किया जाता है लेकिन इस बार वह भी नहीं हो पाया है। बरसात के दिनों में आने वाली अधिकांश फसलें भी नहीं आ पाईं थी।

## शस्त्र पूजन में शामिल हुये विधायक



**तेंदूखेड़ा।** विजयादशमी पर पुलिस थाने परिसर में शस्त्र पूजन में पहुंचे विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने कहा कि यह पर्व हमें भगवान श्रीराम की उस अदम्य शक्ति साहस और मर्यादा की याद दिलाता है। जिन्होंने रावण का संहार कर धर्म की स्थापना की। इसी परंपरा में आज हम शस्त्र पूजन का आयोजन करते हैं।शस्त्र केवल लोहे का टुकड़ा नहीं बल्कि यह हमारे कर्तव्य सुरक्षा और न्याय का प्रतीक है। पुलिस विभाग का यह शस्त्र देश और समाज की रक्षा करने का संकल्प है। यह हमें याद दिलाता है कि हम शस्त्र का प्रयोग केवल सुरक्षा सेवा और न्याय की रक्षा के लिए करेंगे न कि किसी निर्दोष को भयभीत करने के लिए। आज का यह शस्त्र पूजन हमें यह भी सिखाता है कि जैसे हम शस्त्र का आदर करते हैं। वैसे ही हमें अपने संस्कारों संस्कृति और कर्तव्यों का भी पूजन करना चाहिए। तभी हमारा समाज सुरक्षित और सशक्त बनेगा। विजयादशमी के इस पावन दिन पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि धर्म की रक्षा न्याय की स्थापना और समाज की सेवा हमारा सर्वोच्च कर्तव्य है। उक्त अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्री विष्णु शर्मा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डालचंद पटेल पार्षद संतोष पटेल राजीव अग्रवाल शिवदयाल खेरोनिया महीष मोदी सोनू महाराज मुकेश पुजारी उदित शर्मा सुजीत दुबे राजेंद्र पाली मनीष चौबे एस डीओपी अभिनव मिश्रा थाना प्रभारी सौरभ पटेल सहित सभी कार्यकर्ता गण एवं सभी पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

## दशहरा पर्व पर चल समारोह के साथ नवदुर्गोत्सव पर्व संपन्न





**तेंदूखेड़ा। नौ दिनों तक चले शक्ति साधना के महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं ने अपने अपने स्तर से मातारानी की साधना की कोई मौन व्रत तो कोई नंगे पैर चलकर शक्ति की भक्ति में संलग्न बना रहा। नवमीं तिथि पर हवन पूजन भंडारा के उपरांत दशहरा पर्व पर विशाल चल समारोह नगर के मुख्य मार्गों से निकाला गया जिसमें जीवंत श्री राम दरबार की झांकी शेर काली शिव नृत्य जनाकर्षण का केंद्र बना रहा। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा भी। दूसरे दिन शुक्रवार को सभी देवी प्रतिमाओं को ककरा घाट स्थित नर्मदा घाटों पर बनें अस्थाई विसर्जन कुंडों में विसर्जन किया गया।यह सिलसिला नवमीं तिथि से एकादशी तक चला।**